# नाबार्ड कैट कार्यक्रम के अंतर्गत वेटनरी पॉलीटेक्निक में एक दिवसीय प्रशिक्षण/भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन

आज दिनांक 10/01/2022 को नाबार्ड के सहयोग से कैट कार्यक्रम के अंतर्गत मुरैना जिले के 25 किसानों को पशुपालन एवं डेयरी तकनीकी की जानकारी वेटनरी पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, जबलपुर में एक दिवसीय प्रशिक्षण/भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन माननीय कुलपति महोदय प्रोफेसर डॉ. एस.पी. तिवारी, ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन से संपन्न किया गया। जिसके अंतर्गत किसानों को विभिन्न पशुपालन विशेषज्ञों ने कई महत्तवपूर्ण विषयों पर जानकारी दी जैसे– दुधारू पशुओं के प्रमुख संक्रामक रोग व रोकथाम, संतुलित पशु आहार एवं उसकी उपयोगिता, इत्यादि।

इसके साथ ही किसानों को आधारताल पशुपालन प्रक्षेत्र, पोल्ट्री प्रक्षेत्र, इमलिया एवं सांची दुग्ध संयंत्र का भ्रमण भी कराया गया जिसमें किसानों को पशुपालन व अन्य प्रबंधन विषयों पर भी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ब्रजेष सिंह द्वारा किया गया तथा इसके साथ ही डॉ. जी.पी. लखानी, डॉ. आशीष सोनी, डॉ. रश्मि विश्वकर्मा एवं डॉ. महेन्द्र सिंह कुशवाहा का भी सफल योगदान रहा तथा यह प्रयत्न किया गया कि विभिन्न जानकारी से किसानों को पशुपालन द्वारा अजीविका बढ़ाने में योगदान मिल सके। कार्यक्रम के दौरान वेटनरी पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, जबलपुर के सभी कर्मचारीगण का भी विशेष योगदान रहा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर